<u>सेन्ट जॉन्स ने मनाया 'किंडरगार्टन कॉन्वोकेशन डे'</u>

सेन्ट जॉन्स सीनियर सैकेन्ड्री मेरठ मे किंडर गार्टन के बच्चो के उपाधिग्रहण समारोह का आयोजन किया गया जिसमे बच्चो के अभिभावकों को भी सम्मिलित किया गया । सर्वप्रथम विध्यालय की प्रधानाचार्या श्रीमती चन्द्रलेखा जैन जी ने दीप प्रज्वलित किया व प्रार्थना करके कार्यक्रम का शुभारंभ किया। इसके उपरान्त इस विशेष अवसर पर बच्चो द्वारा आकर्षक नृत्य की प्रस्तुति की गई । LKG के नन्हें-मुन्हों ने एक लघु नाटिका से हमारे जीवन मे ही नहीं वरन सम्पूर्ण ब्रह्मांड मे ईश्वरीय शक्ति के महत्व को दर्शाया। K.G के छात्रों को उनके पूर्ण शैक्षिक काल को ध्यान मे रखते हुए कुछ शीर्षक दिये गये। मो॰ बिरेन , रितिका को मिस ब्रेन , और अनन्त वत्स को मिस्टर पन्चुऐल , अर्जुन सिंह को बेस्ट स्पीकर , शिवन्या को मिस कोनफीडेन्ट , दर्शिल को मिस्टर कोनफीडेन्ट , निकिता को मिस शो स्टोपर के खिताब से नवाजा गया।

इसी प्रकार अभिभावकों को भी विध्यालय की ओर से कुछ शीर्षक प्रदान किए गये। श्रीमती सिलवेट को एक्टिव मदर, श्री धर्मेन्द्र को एक्टिव फादर व श्री कुशग्र को पन्चुऐल ग्रन्ड फादर, श्रीमती ज्योति को हेल्दी टिफिन मेकर, श्रीसंदीप कुमार को कोपरेटिव पेरेनट एव श्री धर्मेन्द्र को एक्टिव व पन्चुऐल अभिभावक के खिताब से नवाजा गया। तत्पश्चात किंडर गार्टन की कोरडीनेटर श्रीमती क्रतिका ने बच्चों शरारती व ब्च्चकाने अनुभवों को सभी के साथ सांझा।

अंत में विध्यालय की प्रधानाचार्या श्रीमती चन्द्रलेखा जी ने सभी अभिभावकों को अपना कीमती समय निकाल कर विधालय मे उपस्थित होने के लिये धन्यवाद दिया और अपने सन्देश मे बताया कि बच्चो के सर्वागीण विकास मे विध्यालय के साथ- साथ माता-पिता का सहयोग भी नितांत आवश्यक है तभी बच्चे दुनिया की ऊँचाईयों को छुने में नि:संदेह कामयाब हो सकेंगे व कार्यक्रम की सफलता के लिए सभी कर्मचारियों और शिक्षकों को उनके योगदान के लिए धन्यवाद दिया